Nav Bharat Times

22.06.2017

पीएसएलवी-सी38 के प्रक्षेपण की उल्टी गिनती शुरू

आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से आज सुबह पांच बजकर 29 मिनट पर 30 सह-उपग्रहों के साथ कार्टोसैट-2 श्रृंखला के उपग्रह के प्रक्षेपण की 28 घंटों की उल्टी गिनती शुरू हो गयी।

इस क््रुम में धरती के अवलोकन के लिये प्रक्षेपित किये जा रहे 712 किलोग्राम वजनी कार्टोसैट-2 श्रृंखला के इस उपग्रह के साथ करीब 243 किलोग्राम वजनी 30 अन्य सह उपग्रहों को भी एक साथ प्रक्षेपित किया जायेगा। कल यह उपग्रह 505 किलोमीटर ध्रुवीय सूर्य स्थैतिक कक्षा :एसएसओ: में पहुंचने के लिये सुबह नौ बजकर 20 मिनट पर उड़ान शुरू करेगा।

पीएसएलवी-सी38 के साथ भेजे जा रहे इन सभी उपग्रहों का कुल वजन करीब 955 किलोग्राम है।

साथ भेजे जा रहे इन उपग्रहों में भारत के अलावा ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, चिली, चेज गणराज्य, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, लातविया, लिथुआनिया, स्लोवाकिया, ब्रिटेन और अमेरिका समेत 14 देशों के 29 नैनो उपग्रह शामिल हैं।